BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
FIRST TERM EXAMINATION (4 September 2025)
HINDI COURSE - B
Class – X (Set – A)

Time allowed : 3 hours | Maximum Marks : 80

## खंड (क) : अपठित बोध

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** (7)

पिता हमेशा रुक्ष नहीं होता, सदैव कठोर व्यवहार से घर को संचालित नहीं करता, क्योंकि वह भीतर से सौम्य प्रकृति का होता है। पिता का प्रेम दिखाई नहीं देता, उसे महसूस किया जा सकता है। बाहर से कठोर दिखाई देने वाला पिता भीतरी स्तर पर अत्यंत भावुक होता है।

जिस घर में पिता बच्चों के साथ बातचीत करता है, हँसता-बोलता है, उनके सभी क्रियाकलापों में सहयोग करता है, उसी घर में बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास उचित रूप से हो पाता है। अच्छी और सुसंस्कृत संतान हर माता-पिता की ख्वाहिश होती है। बच्चों के पालन-पोषण में दोनों समान भूमिका निभाते हैं। आज का युग इस दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है, जहाँ माता-पिता दोनों कामकाजी हैं। भागदौड़ भरी जिंदगी में घर के साथ दफ्तर भी सँभालना होता है। ऐसे में केवल माँ के भरोसे घर और बच्चों को छोड़ना सही नहीं है। दोनों के सहयोग से ही घर को सँभाल पाना संभव होता है। पिता का दायित्व आज दफ्तर की सीमा से निकलकर घर तक आ गया है। बच्चों को सुबह उठाकर स्कूल भेजने से लेकर होमवर्क करवाने तक सभी कार्यों में उसकी समान भागीदारी आज अपेक्षित है। आज नई पीढ़ी के युवा घर में इन जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते देखे जा सकते हैं। वर्तमान समय में पढ़े-लिखे कामकाजी-एकल परिवार में व्यक्ति का जीवन दबाव में ही दिखता है, चाहे वह पढ़ाई का हो, करियर का हो अथवा कार्यक्षेत्र में हो। परिवार का खुशनुमा और परस्पर सौहार्दपूर्ण वातावरण उस दबाव से बाहर निकलने में सहायक बनता है।

(i) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए और उत्तर लिखिए (1)

**कथन** पिता सदैव कठोर व्यवहार से घर को संचालित नहीं करता।

**कारण** बच्चों की गतिविधियों में पिता की सौम्यतापूर्ण भागीदारी और सहयोग रहता है।

**कूट**

(a) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है। (b) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं।

(c) कथन सही है और कारण उसकी सही व्याख्या है।

(d) कथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ii) अच्छी और सुसंस्कृत संतान के लिए अपेक्षित है (1)

(a) बच्चों के पालन-पोषण में केवल माता की सहभागिता

(b) बच्चों के पालन-पोषण में केवल पिता की सहभागिता

(c) बच्चों के पालन-पोषण में माता-पिता दोनों की सहभागिता

A-1

Scanned with OKEN Scanner

(d) बच्चों के पालन-पोषण में समाज की सहभागिता

(iii) आज की युवा पीढ़ी में कौन-सा सकारात्मक परिवर्तन आया है? (1)

(a) युवा माता-पिता दोनों का कामकाजी होना (b) बच्चों की परवरिश में माता को पिता का पूर्ण सहयोग मिलना

(c) एकल परिवारों का चलन दिन-प्रतिदिन बढ़ना (d) एकल परिवारों में बच्चों का जल्दी परिपक्व होना

(iv) माता-पिता पर अपनी संतान को लेकर कौन-कौन से दबाव हैं? इन दबावों से आप अपने माता-पिता को मुक्ति कैसे दिलवा सकते हैं? (2)

(v) पिता की कौन-सी दो विरोधी बातें परिवार को सही दिशा में ले जाती हैं? (2)

**2. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए,** (7)

हर्बल-ऑर्गेनिक (जैविक) आहार ऐसे आहार होते हैं, जो प्राकृतिक रूप से शुद्ध और ताज़ा होते हैं और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं। परंपरागत व्यंजन, पेय पदार्थ, फल-सब्जियाँ और मसाले ऋतु के अनुसार हमारे भोजन का महत्त्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। परंपरागत और स्वदेशी भोजन एवं पेय पदार्थ पाश्चात्य फास्टफूड एवं रसायन युक्त कोल्ड ड्रिंक्स के शानदार विकल्प हैं। सरकार, व्यापारियों और दुकानदारों को नया कुछ भी नहीं करना है। बस उन्हें पहले से स्थापित भोजनालयों, दुकानों एवं शैक्षणिक संस्थाओं, कंपनी कार्यालयों की कैंटीनों, मॉल्स तक इनको पहुँचाना है। परंपरागत खाद्य पदार्थों के साथ ऑर्गेनिक खाद्य एवं पेय पदार्थों की बिक्री के लिए विशेष व्यवस्था की जानी चाहिए। ऑर्गेनिक फलों और सब्ज़ियों के ताज़ा जूस, सूप, शेक, दूध, छाछ, लस्सी, शरबत, ठंडाई, हर्बल चाय, जौ, गेहूँ, मक्का या बाजरे की राबड़ी, नींबू की शिकंजी के साथ ऑर्गेनिक फल भी उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाए जा सकते हैं। साधारण ढाबों से लेकर पाँच सितारा होटलों तक शरबत, नारियल पानी, जुवारे का जूस, तरबूज का जूस, सत्तू और छाछ जैसे पेय पदार्थों को उपलब्ध करवाकर इनको उपभोक्ताओं में लोकप्रिय बनाया जा सकता है। पृथक् से हर्बल फूड सेंटर बनाकर वहाँ ऑर्गेनिक हरी सब्ज़ियों, दालों एवं मिलेट्स से निर्मित भोजन भी उपलब्ध करवाया जा सकता है। अंकुरित दालें, अनाज, दही, मक्खन, मक्का की घाट को भी लोकप्रिय बनाया जा सकता है। भारतीय स्वदेशी परंपरागत पेय पदार्थ, व्यंजन एवं मिष्ठान, बाजार से लोकप्रिय होने से स्वदेशीकरण, समृद्ध किसान और आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा। इस तरह के सेंटरों की मदद से रोजगार के अवसर तो बढ़ेंगे ही रासायनिक खेती से खराब होते खेतों और मानव स्वास्थ्य को भी बचाया जा सकता है।

(i) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए और उत्तर लिखिए। (1)

**कथन** स्वदेशी, परंपरागत और जैविक खाद्य एवं पेय पदार्थों की लोकप्रियता से देश की आर्थिक स्थिति सुदृढ होगी।

**कारण** स्वदेशीकरण किसानों की समृद्धि और देश की आत्मनिर्भरता का आधार है।

Scanned with OKEN Scanner

कूट

(a) कथन और कारण दोनों गलत हैं।
(b) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है।
(c) कथन सही है और कारण उसकी सही व्याख्या है।
(d) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।

(ii) फास्टफूड एवं रसायन युक्त पेय पदार्थों से बचने के लिए (1)

(a) स्वदेशी भोजन एवं परंपरागत पेय का उपयोग करारा जवाब है

(b) हर्बल ऑर्गेनिक सामान सहजता से उपलब्ध करवाना होगा

(c) हर्बल-ऑर्गेनिक पेय एवं खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं

(d) पाँच सितारा होटलों में ऑर्गेनिक टैग लगा भोजन खाना बेहतर है

(iii) परंपरागत भोजन को लोकप्रिय कैसे बनाया जा सकता है? (1)

1. उपलब्धता बढ़ाकर
2. प्रचार-प्रसार द्वारा
3. बिक्री की विशेष व्यवस्था करके
4. घर-घर मुफ्त ऑर्गेनिक सामान बाँटकर

कूट

(a) 2 और 3 (b) 3 और 4 (c) 1 और 4 (d) 1 और 3

(iv) आत्मनिर्भर भारत का सपना कैसे पूरा होगा? (2)

(v) हर्बल फूड सेंटर कहाँ-कहाँ लाभदायक होंगे? (2)

## खंड (ख) : व्यावहारिक व्याकरण

**3. पदबंध पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए (4×1 = 4)**

(i) मैं रंग-बिरंगे कागजों की तितलियाँ उड़ाता। (पदबंध छाँटकर उसका भेद भी लिखिए)

(ii) मैं कह न पाता कि जरा बाहर खेल रहा था। (क्रिया पदबंध छाँटकर लिखिए)

(iii) दादा की गाढ़ी कमाई के रुपये क्यों बर्बाद करते हो? (संज्ञा पदबंध छाँटिए)

(iv) मैदान की सुखद हरियाली खींच ले जाती। (विशेषण पदबंध छाँटिए)

(v) मैं सुबह से शाम तक पतंग उड़ाता रहता। (क्रिया-विशेषण पदबंध छाँटिए)

**4. निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए (4×1 = 4)**

(i) मैं यह लताड़ सुनता और आँसू बहाने लगता। (सरल वाक्य में बदलिए)

Scanned with OKEN Scanner

(ii) मेरे भाई साहब उपदेश की कला में निपुण थे। (मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए)

(iii) अपराध करने पर भी लताड़ कौन सहे? (रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद लिखिए)

(iv) ऐसी-ऐसी लगती बातें कहते कि मेरे जिगर के टुकड़े-टुकड़े हो जाते। (रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद लिखिए)

(v) कार्तिक मास के आते ही हवा में ठंडक शुरू हो गई। (संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए)

**5. 'समास' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए** **(4×1 = 4)**

(i) 'धर्म विमुख' सामासिक पद का विग्रह करके भेद भी लिखिए।

(ii) 'आमरण' पद समास के किस भेद का उदाहरण है?

(iii) 'मतिभ्रम' पद समास के किस भेद का उदाहरण है और क्यों?

(iv) 'तीन भुजाओं का समाहार' विग्रह का समस्त पद बनाकर भेद लिखिए।

(v) द्वंद्व समास का एक उदाहरण लिखिए।

**6. 'मुहावरों' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए** **(4×1 = 4)**

(i) "चाँदी काटना" मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग करें कि अर्थ स्पष्ट हो जाए ।

(ii) रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे द्वारा कीजिए। साधु महाराज के चमत्कार देखकर मैं ------------- गया।

(iii) वर्तमान शिक्षा - प्रणाली छात्रों को केवल -------------- सिखाती है।

(iv) "जो व्यक्ति दो नावों पर पैर रखकर चलते हैं; वह ठीक मझदार में डूबते हैं"। इस वाक्य से मुहावरा छाँट कर उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(v) "बात को बढ़ा - चढ़ा कर कहना" अर्थ के लिए मुहावरा लिखिए।

## खंड (ग) : पाठ्यपुस्तक पर आधारित

**7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।** **(5×1 = 5)**

मैं यह लताड़ सुनकर आँसू बहाने लगता। जवाब ही क्या था। अपराध तो मैंने किया, लताड़ कौन सहे? भाई साहब उपदेश की कला में निपुण थे। ऐसी-ऐसी लगती बातें कहते, ऐसे-ऐसे सूक्ति-बाण चलाते कि मेरे जिगर के टुकड़े-टुकड़े हो जाते और हिम्मत टूट जाती। इस तरह जान तोड़कर मेहनत करने की शक्ति मैं अपने में न पाता था और उस निराशा में ज़रा देर के लिए मैं सोचने लगता-'क्यों न घर चला जाऊँ। जो काम मेरे बूते के बाहर है, उसमें हाथ डालकर क्यों अपनी जिंदगी खराब करूँ।' मुझे अपना मूर्ख रहना मंजूर था, लेकिन उतनी मेहनत से मुझे तो चक्कर आ जाता था, लेकिन घंटे-दो-घंटे के बाद निराशा के बादल फट जाते और मैं इरादा करता कि आगे से खूब जी लगाकर पढ़ूँगा। चटपट एक टाइम-टेबिल बना डालता। बिना पहले से



Scanned with OKEN Scanner

नक्शा बनाए कोई स्कीम तैयार किए काम कैसे शुरू करूँ। टाइम-टेबिल में खेलकूद की मद बिलकुल उड़ जाती।

(i) 'मैं यह लताड़ सुनकर आँसू बहाने लगा।' कथन किसका हैं? (1)

(a) भाई साहब का (b) लेखक के साथी का (c) स्वयं लेखक का (d) इनमें से कोई नहीं

(ii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्प में से सही विकल्प चुनकर लिखिए। (1)

कथन (A) टाइम टेबल में खेलकूद की मद बिलकुल उड़ जाती।

कारण (R) खेलकूद कर देर से घर लौटे छोटे भाई (लेखक) का बड़ा भाई उपदेश और सूक्तियों के माध्यम से ऐसा समझाते हैं कि लेखक ऐसा टाइम टेबल बनाता जिसमें खेलकूद की कोई जगह न होती। दक्षता आधारित प्रश्न

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं। (b) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(c) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(d) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(iii) भाई साहब की डाँट सुनने के बाद निराश हुआ छोटा भाई क्या सोचने लगता था .." (1)

(a) पढ़ाई मन लगाकर करूँगा (b) घर वापस चला जाऊँ

(c) पुन: खेल खेलने चला जाऊँ (d) पढ़ाई करना छोड़ दूँ

(iv) भाई साहब हर समय छोटे भाई को क्या उपदेश देते थे? (1)

(a) पढ़ाई करने का (b) समय व्यर्थ न करने का (c) खेलकूद न करने का (d) ये सभी

(v) निराशा के बादल हटने पर छोटा भाई क्या निश्चय करता था? (1)

(a) अपने बूते से बाहर का काम नहीं करना (b) अपना मूर्ख बना रहना मंजूर कर लेना

(c) आगे से खूब मन लगाकर पढ़ाई करना (d) अपने दादा के पास चले जाना

**8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए (3×2 = 6)**

(i) परंपराएँ या मान्यताएँ जब बंधन लगने लगे, तो उनका टूट जाना ही क्यों अच्छा है? 'तताँरा-वामीरो' ने इसके लिए क्या त्याग किया?

(ii) बिगड़ते पर्यावरण के लिए हम कितने उत्तरदायी हैं? कैसे कहा जा सकता है कि अब प्रकृति की सहनशक्ति की सीमा समाप्त हो चुकी है? 'अब कहाँ दूसरे के दुःख से दुःखी होने वाले' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।



Scanned with OKEN Scanner

(iii) "एक संगठित समाज कृतसंकल्प हो तो ऐसा कुछ भी नहीं जो वह न कर सके।" "डायरी का एक पन्ना' पाठ के संबंध में कहे गए उक्त कथन की उदाहरण सहित पुष्टि कीजिए।

(iv) आशय स्पष्ट कीजिए- 'व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है।' 'तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**9. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों को चुनिए** **(5×1 = 5)**

मोर मुगट पीतांबर सौहे, गल वैजंती माला।

बिन्दरावन में धेनु चरावे, मोहन मुरली वाला।

ऊँचा ऊँचा महल बणावं बिच बिच राखूँ बारी।

साँवरिया रा दरसण पास्यूँ, पहर कुसुम्बी साड़ी।

आधी रात प्रभु दरसण, दीज्यो जमनाजी रे तीरां।

मीराँ रा प्रभु गिरधर नागर, हिवड़ो घणो अधीराँ।

(i) मोर मुगुट पीतांबर सौहे, गल वैजयंती माला। उपरोक्त पंक्ति के अनुसार श्रीकृष्ण ने --- पहना हुआ है। (1)

(a) मोतियों का हार (b) सोने का हार (c) फूलों का हार (d) वैजयंती माला का हार

(ii) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा काव्यांश के आधार पर सही विकल्प का चयन कीजिए (1)

1. श्रीकृष्ण के शरीर पर पीला वस्त्र और सिर पर मोर पंखों का मुकुट है।

2. कवयित्री के गले में वैजयंती माला सुंदर लग रही है।

3. कवयित्री महल के बीच फुलवारी लगाना चाहती है।

4. मीरा पीली साड़ी पहनकर आराध्य के दर्शन करना चाहती है।

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3 (c) 1 और 3 (d) 2 और 4

(iii) प्रस्तुत पद्यांश में किसका वर्णन किया गया है? (1)

(a) दासी मीरा का (b) श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य का (c) मीरा की विरह वेदना का (d) मीरा की पीड़ा का

(iv) मीरा श्रीकृष्ण के महल के बीच में क्या बनवाना चाहती हैं? (1)

(a) स्वयं के लिए घर (b) सुंदर फूलों से सजी फुलवारी (c) भव्य मंदिर (d) गाय के लिए गौशाला

(v) पद्यांश के आधार पर बताइए कि मीरा श्रीकृष्ण से क्या निवेदन कर रही हैं? (1)

(a) उसके दुःख हरने का (b) भक्तों पर कृपा बनाए रखने का



Scanned with OKEN Scanner

(c) आधी रात दर्शन देने का

(d) स्वयं के लिए महल बनवाने का

**10. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए** **(3×2 = 6)**

(i) कबीर ने अपनी साखियों में किन नैतिक मूल्यों को प्रस्तुत किया है?

(ii) 'मनुष्यता' कविता के आधार पर लिखिए कि कवि ने किन-किन सद्‌गुणों को मनुष्यता के लिए आवश्यक माना है?

(iii) पर्वत के हृदय से उठकर ऊँचे-ऊँचे वृक्ष आकाश की ओर क्यों देख रहे थे और वे किस बात को प्रतिबिंबित करते हैं?

(iv) कंपनी बाग में रखी तोप क्या सीख देती है?

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए** **(2×3 = 6)**

(i) आम आदमी की धर्म के प्रति अंधश्रद्धा को धर्म के ठेकेदार किस रूप में भुनाते हैं? 'हरिहर काका' कहानी में काका किस प्रकार इसका शिकार हुए? व्यक्ति का वैज्ञानिक दृष्टिकोण उसे किस प्रकार बचा सकता है?

(ii) हरिहर काका के परिवार ने ठाकुरबारी से लौटने के बाद उन्हें 'बहुमूल्य वस्तु' जैसे सहेज कर रखा । यदि उनका परिवार पहले से ही उन्हें उचित प्यार- आदर देता तो स्थिति कैसी होती? कहानी के आधार पर लिखिए।

(iii) "वर्तमान में विद्यालयों में बढ़ती हुई अनुशासनहीनता को देखते हुए मास्टर प्रीतम चंद जैसे अध्यापकों की आवश्यकता है ।"इस कथन से सहमति या असहमति के संबंध में अपने तर्कसम्मत विचार लिखिए।

**12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए** **(5)**

(i) कृत्रिम बुद्धिमता (ए०आई०)

संकेत-बिंद : • कृत्रिम बुद्धि क्या है? • जनक कौन है? • प्रकार • अनुप्रयोग।

(ii) एक और एक ग्यारह होते हैं

संकेत-बिंद : • लोकोक्ति अर्थ • संगठन का महत्त्व • संगठित प्रकृति के उदाहरण • देश की सुरक्षा एवं प्रगति के लिए आवश्यक।

(iii) संयुक्त परिवार

संकेत-बिंद : • संयुक्त परिवार का अर्थ • संबंधों में पड़ती दरार • जोड़ने से लाभ ।

**13.** आप वन महोत्सव के अवसर पर अपने क्षेत्र में वृक्षारोपण करना चाहते हैं। नगर के उद्यान विभाग के अधिकारी को पत्र लिखकर पौधों की व्यवस्था करने के लिए अनुरोध कीजिए। **(5)**

A-7

Scanned with OKEN Scanner

अथवा

अपने नगर के शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर विद्यालयों में दोपहर के समय वितरित किए जाने वाले भोजन के गिरते स्तर की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कीजिए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए** **(4)**

आप संस्कृत विभागाध्यक्ष हैं। अपने विद्यालय में श्रीमद् भागवत गीता श्लोकोंच्चारण प्रतियोगिता आयोजित करने के आशय की सूचना तैयार कीजिए।

अथवा

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों हेतु वस्त्र आदि के संकलनार्थ सूचना तैयार कीजिए।

**15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए** **(3)**

'स्वच्छ भारत अभियान' का विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

विद्यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा निर्मित हस्तकला की वस्तुओं की प्रदर्शनी के प्रचार हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** भ्रामक विज्ञापन से परिवार को हुई आर्थिक हानि की शिकायत करते हुए समाचार-पत्र के संपादक को ई-मेल लिखिए। **(5)**

अथवा

'अर्जुन या एकलव्य' पंक्ति को आधार बनाकर लगभग 100 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए।



Scanned with OKEN Scanner